प्रधान कार्यालय में हिंदी दिवस समारोह 2021

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बैंक के प्रधान कार्यालय में हिंदी पखवाड़ा तथा हिंदी दिवस समारोह - 2021 मनाया गया। हिंदी दिवस समारोह में बैंक के कार्यकारी निदेशक श्री कोल्लेगाल वी राघवेन्द्र तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अम्बरीष कुमार मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह कार्यक्रम बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एस. कृष्णन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें कार्यकारी निदेशक श्री कोल्लेगाल वी राघवेन्द्र, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अम्बरीष कुमार मिश्रा, मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री कामेश सेठी सहित अन्य महाप्रबंधक भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का प्रारंभ उच्चाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। उसके बाद महाप्रबंधक श्री पंकज द्विवेदी ने हिंदी दिवस - 2021 के अवसर पर माननीय गृह तथा सहकारिता मंत्री जी का संदेश पढ़कर उपस्थित लोगों को सुनाया। माननीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने अपने संदेश में क्षेत्रीय भाषाओं के संरक्षण, संवर्धन तथा विकास पर बल दिया। आगे उनके संदेश में हिंदी ई-टूल्स कंठस्थ, लीला, ई-महाशब्दकोश के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए बारह 'प्र' की भूमिका का विशेष उल्लेख किया गया था।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य सतर्कता अधिकारी महोदय ने राजभाषा हिंदी की संवैधानिक अनिवार्यताओं तथा व्यवसायिक आवश्यकताओं पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रबंध निदेशक महोदय ने उपस्थित अधिकारियों से हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए आग्रह किया। प्रबंध निदेशक महोदय ने आगे बताया कि हिंदीतर क्षेत्र से होने के बावजूद उन्होनें किसी प्रकार हिंदी सीखी तथा इसे अपने दैनिक कार्यों में प्रयोग में लाया; आज देश की सभी भाषाएं एक-दूसरे की पूरक हैं, विशेषकर हिंदी ने सभी भाषाओं के शब्दों को अपने में समाहित कर देश में आपसी प्रेम तथा सद्भावना को मजबूत किया है। प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी महोदय ने कहा कि यदि हमें अपने उत्पाद ग्राहकों तक पहुंचाने हैं तो उत्पादों का प्रचार-प्रसार भी हिंदी व क्षेत्रीय भाषा में करना होगा।

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
Punjab & Sind Bank
प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग

पंजाब एण्ड सिंध बैंक

पंजाब एण्ड सिंध बैंक

पंजाब एण्ड सिंध बैंक
Punjab & Sind Bank
प्रधान कार्यालय, राजभाषा विभाग

कार्यक्रम के सुअवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी दी गई। विभिन्न विभागों में पदस्थ महिता कार्मिकों ने सरस्वती वंदना करके सांस्कृतिक गतिविधियों की शुरुआत की। इसके बाद वाद्य यंत्रों के साथ कार्मिकों का गीत-गायन हुआ।



कार्मिकों द्वारा दी गई प्रस्तुति की उपस्थित उच्चाधिकारियों ने सराहना की तथा बैंक द्वारा आगामी सांस्कृतिक गतिविधियों में उन्हें निरंतर सहभागिता के लिए परामर्श दिया।

उल्लेखनीय है कि हिंदी पखवाड़ा 2021 के दौरान बैंक में कुल 07 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें 276 कार्मिकों ने सहभागिता की। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए गए। इन प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कारों का वितरण हिंदी दिवस समारोह-2021 के अवसर पर माननीय प्रबंध निदेशक एवं कार्यकारी अधिकारी श्री एस. कृष्णन के कर कमलों से किया गया।

हिंदी दिवस समारोह 2021 के पूर्व प्रधान कार्यालय में प्रश्न मंच प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रश्नों का सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों का मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री कामेश सेठी के कर कमलों से स्मृति चिह्न दिया गया। इसके अतिरिक्त सर्वश्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन के लिए विभागों व अंचल कार्यालयों को राजभाषा शील्ड भी प्रदान की गई। समारोह के अंत में उप महाप्रबंधक श्री नीलेन्द्र के प्रभात ने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।